झारखण्ड सरकार सांस्कृतिक कार्य निदेशालय

(पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग)

Phone: 0651-2401917, E-mail: dirjharkhandculture@gmail.com

:– निविदा आमंत्रण सूचना :–

गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2024) के अवसर पर झांकी निर्माण एवं प्रदर्शन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना :–

गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2024) के अवसर पर मोरहाबादी मैदान, रॉंची एवं पुलिस लाईन ग्राउण्ड, दुमका में आयोजित होने वाले समारोह में सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग झारखण्ड, रॉंची के द्वारा झांकी का निर्माण एवं प्रदर्शन किया जाना है, जिस निमित्त झांकी निर्माण कार्य में योग्य एवं अनुभवी फर्मों / संस्थानों से बंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है।

अतः उपरोक्त हेतु अनुभवी एवं इच्छुक फर्म / संस्थान दिनांक 26.12.2023 अप० 3.00 बजे तक सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, कार्यालय तृतीय तल, एम०डी०आई० भवन, धुर्वा, रॉंची –04 में निविदा समर्पित कर सकते हैं। उक्त निविदा का निष्पादन दिनांक 28.12.2023 मध्या० 12.30 बजे किया जायेगा। निविदा से संबंधित सभी विस्तृत जानकारी निदेशालय के वेबसाईट www.jharkhandculture.com तथा सूचना पट्ट से प्राप्त किया जा सकता है। इस निविदा से संबंधित अनुवर्त्ती / बाद की सभी सूचनाएँ निदेशालय के वेबसाईट www.jharkhandculture.com पर ही उपलब्ध होगी। निविदा को किसी भी समय आंशिक / पूर्णतः, रद्द / परिवर्तित / संशोधित करने का सर्वाधिकार अधोहस्ताक्षरी को सुरक्षित रहेगा।

निदेशक, संस्कृति
सांस्कृतिक कार्य निदेशालय
झारखण्ड, रॉंची।

PR 311799 Art Culture Sports and Youth Affairs(23-24)D

860

झारखण्ड सरकार
सांस्कृतिक कार्य निदेशालय
(पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग)
Phone: 0651-2401917, E-mail: dirjharkhandculture@gmail.com

गणतंत्र दिवस (26 जनवरी 2024) के अवसर पर झांकी निर्माण एवं प्रदर्शन हेतु निविदा आमंत्रण सूचना :–

गणतंत्र दिवस, (26 जनवरी 2024) के अवसर पर मोरहाबादी मैदान, राँची एवं पुलिस लाईन ग्राउण्ड, दुमका में आयोजित होने वाले समारोह में पर्यटन, कला संस्कृति, खेलकूद एवं युवाकार्य विभाग, सांस्कृतिक कार्य निदेशालय, झारखण्ड, राँची के द्वारा निम्नवत् झांकी का निर्माण एवं प्रदर्शन किया जाना है :–

समारोह स्थल	झांकी का थीम/विषय
मोरहाबादी मैदान, राँची समारोह	धरती आबा भगवान बिरसा मुण्डा पर केन्द्रित झांकी (राँची स्थित बिरसा मुण्डा स्मृति संग्रहालय का प्रदर्शन एवं खूंटी स्थित उलिहातू डोम्बारीबुरू)।
पुलिस लाईन ग्राउण्ड, दुमका समारोह	राजकीय जनजातीय हिजला मेला, दुमका।

उपरोक्त क्रम में झांकी निर्माण कार्य में योग्य एवं अनुभवी फर्मों/संस्थानों/निर्माताओं से बंद लिफाफे में निविदा **निम्न शर्त्तों के साथ आमंत्रित की जाती है :–**

1. निविदा (दो लिफाफा व्यवस्था) अंतर्गत दो लिफाफों क्रमशः भाग–01 तकनीकी बीड एवं भाग–02 वित्तीय बीड एक अन्य लिफाफे में समुचित तरीके से बंद रहेंगे। **लिफाफों के उपर तकनीकी बीड एवं वित्तीय बीड स्पष्टतः लिखा होना चाहिए।**

2. भाग –01 **तकनीकी बीड लिफाफा**– तकनीकी बीड लिफाफा के अंदर पुनः दो बंद लिफाफे होंगे – जिसमें से **(क) प्रथम लिफाफा (जिसके उपर ''तकनीकी अभिलेख'' स्पष्टतः अंकित होना चाहिए)** में निम्न स्वअभिप्रमाणित अभिलेख उपलब्ध कराना आवश्यक होगा :– (i) फर्म का नाम एवं पूरा पता (ii) निबंधन संख्या (iii) पैन नं० (iv) जी०एस०टी० नं० (v) नोटरी पब्लिक से काली सूची में दर्ज नहीं होने संबंधित शपथ पत्र। (vi) गत् तीन वित्तीय वर्षों (2020–21, 2021–22 एवं 2022–23) का संबंधित क्षेत्र में कार्य करने का अनुभव। (vii) आयकर रिटर्न (वित्तीय वर्ष 2020–21, 2021–22 एवं 2022–23 अर्थात् एसेसमेन्ट वर्ष 2021–22, 2022–23 एवं 2023–24)। (viii) रू० 50,000.00 (पचास हजार रूपये) का बैंक ड्राफ्ट झारखण्ड कला मंदिर (JHARKHAND KALA MANDIR) Payable at Ranchi के नाम से भुगतेय संलग्न करना अनिवार्य होगा।

   (ख) द्वितीय लिफाफा (जिसके उपर ''क्रिएटिव –स्क्रिप्ट, डिजाईन एवं मॉडल'' स्पष्टतः अंकित होना चाहिए) में संबंधित प्रत्येक विषय वस्तु/थीम से संबंधित तीन (03) क्रिएटिव– स्क्रिप्ट तथा झांकी का मॉडल–डिजाईन प्रारूप उपलब्ध कराना आवश्यक होगा। निविदादाता को झांकी के विषय का थ्री–डी व्यू प्रदर्शित करना अनिवार्य होगा।

3. भाग –02 **वित्तीय बीड लिफाफा** में प्रत्येक थीम/विषय के झांकी हेतु अलग–अलग दर (सभी करों सहित) स्पष्टतः शब्दों में भी अंकित रहना चाहिए।

4. तकनीकी शर्तों में सफल निविदादाता का ही ''क्रिएटिव –स्क्रिप्ट, डिजाईन एवं मॉडल'' संबंधित लिफाफा खोला जायेगा तथा क्रिएटिव स्तर पर सफल होने के उपरांत ही सफल निविदादाता का वित्तीय बीड खोला जायेगा।

5. झांकी की थीम/विषय के अनुसार झांकी के साथ पर्याप्त एवं निर्धारित कलाकारों की भागीदारी निविदादाता/झांकी निर्माता द्वारा सुनिश्चित कराई जायेगी, जिसका बजट भी झांकी निर्माण के बजट के अंतर्गत ही होगा तथा इस हेतु कोई अतिरिक्त राशि देय नहीं होगा।

6. (i) इच्छुक एवं अनुभवी फर्म/संस्थान/निर्मात्ता दिनांक 26.12.2023 समय अप० 3.00 बजे तक, निविदा समर्पित कर सकते हैं। प्राप्त निविदा दिनांक 28.12.2023 समय मध्या० 12.30 बजे निविदा समिति के समक्ष खोला जायेगा जिसमें निविदादाता/उनके प्रतिनिधि उपस्थित रह सकते हैं।

   (ii) निविदा समर्पित करने/निविदा निस्तारण का स्थान– सांस्कृतिक कार्य निदेशालय कार्यालय, तृतीय तल, एम०डी०आई० भवन, धुर्वा, राँची 834004 दूरभाष सं० –0651–2401917।

7. निविदा को किसी भी समय आंशिक/पूर्णतः, रद्द/परिवर्त्तित/संशोधित करने का सभी अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा।

२२/११/२३

निदेशक, संस्कृति,
सांस्कृतिक कार्य निदेशालय
झारखण्ड, रांची ।